NOTICE OF THE 21ST ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING INFORMATION & BOOK CLOSURE INTIMATION

Notice is hereby given that 21st Annual General Meeting of ARSS Infrastructure Projects Limited will be held through Video Conference (VC)/Other Audio Visual Means (OAVM) on **Wednesday 29th September, 2021 at 11.00 A.M. (IST),** in compliance with all the provisions of Companies Act, 2013 and Rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015 read with General Circular No,14/2020 dated 8th April,2020 General Circular No. 17/2020 dated 13th April,2020 and General Circular No.20/2020 dated 5th April,2020, General Circular 02/2021 dated January 13th, 2021 and other applicable circulars issued by ministry of Corporate Affairs and SEBI (collectively referred to as 'relevant circulars') to transact the businesses set out in the notice calling AGM.

Members are hereby informed that in compliance with the relevant circulars, the Notice of the AGM and the Annual Report for the FY 2020-21 have been sent electronically on 6th September, 2021 to all the Members of the Company whose email address are registered with the Company/Registrars and Transfer Agent/Depository Participant(s).

The Resolutions covered in the Notice of the 21st AGM will be transacted through remote e-voting (facility to cast vote from a place other than the venue of the AGM) in terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Amendment Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. National Securities Depository Limited ('NSDL') has been engaged by the Company for providing the e-voting platform. The e-voting facility will also be available at the AGM and members who have not cast their votes by remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, will be able to vote at the AGM.

Members, whose names are recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the **cut-off date i.e. Wednesday, the 22nd September, 2021** will be entitled to cast their votes either by remote e-voting or through e-voting at the AGM. A person who is not a Member as on the cut-off date should accordingly treat the Notice of the AGM for information purposes only. Persons becoming Members of the Company after dispatch of the Notice of the AGM but on or before the cut-off date may write to NSDL at **evoting@nsdl.co.in** or **investor@bigshareonline.com** requesting for user ID and password for remote e-voting. Members already registered with NSDL for remote e-voting can however use their existing user ID and password for this purpose.

The period for remote e-voting starts at 09:00 a.m. on Sunday, the 26th September, 2021 and ends at 05:00 p.m. on Tuesday, the 28th September, 2021, thereafter the remote e-voting will be blocked by NSDL. Further, once the vote on a resolution is cast by the member, the same shall not be allowed to be changed subsequently. Members who have casted their votes by remote e-voting may attend the meeting but will not be entitled to cast their votes at the meeting once again.

In case of any query / grievance with respect to Remote E-voting, members may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and Remote E-voting User Manual for Shareholders available under the Downloads section of NSDL's e-voting website or contact:

(a) Mr. Amit Vishal, Senior Manager, NSDL, Trade World, "A" Wing, 4th Floor, Kamala Millis Compound, Lower Parei, Mumbai 400 013 at toll free no. 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to Mr. Amit Vishal, Senior Manager - NSDL at amitv@nsdl.co.in or at evoting@nsdl.co.in
(b) Mr. Prakash Chhajer, Company Secretary, ARSS Infrastructure Projects Limited, Plot-38, Sector-A, Zone-D, Mancheswar Industrial Estate, Bhubaneswar-751010 at telephone nos. 0674-2602763 or e-mail at **cs@arssgroup.in**

The company has appointed Mr. Jyotirmoy Mishra (Membership No. FCS -6556 & CP No. 6022) of M/s Sunita Jyotirmoy & Associates, Practicing Company Secretaries, Bhubaneswar as the Scrutinizer to scrutinize the remote e-voting process as well as voting at the Annual General Meeting in a fair and transparent manner.

The Results of voting will be declared within 2 working days from the conclusion of the 21st AGM, The declared Results alongwith the Scrutinizer's Report will be available forthwith on the Company's corporate website www.arssgroup.in and on NSDL's e-voting website. Such Results will also be forwarded by the Company to the National Stock Exchange of India Limited (NSE) and BSE Limited (BSE).

As per the SEBI Circular, no physical copies of the Notice of the AGM and Annual Report will be sent to Members. Members who have not registered their e-mail addresses are requested to follow the process mentioned below, for registering their e-mail addresses to receive the Notice of AGM and Integrated Report electronically and to receive login ID and password for e-Voting:

i. **For members who hold shares in demat mode:**
a) Visit the link **https://bigshareonline.com//InvestorRegistration.aspx**
b) Enter the DP ID & Client ID, PAN details and captcha code.
c) System will verify the Client ID and PAN details.
d) On successful verification, system will allow you to enter your e-mail address and mobile number.
e) Enter your e-mail address and mobile number.
f) The system will then confirm the e-mail address for the limited purpose of servicing the Notice of this AGM along with the Annual Report 2020-21.
* Members holding shares in dematerialized mode are however requested to register/ update their e-mail address with the relevant Depository Participants(s) for permanent registration.

ii. **For members who hold shares in physical mode:**
a) Visit the link **https://bigshareonline.com//InvestorRegistration.aspx**
b) Enter the physical Folio Number, PAN details and captcha code.
c) In the event the PAN details are not available on record, member to enter one of the share certificate's number.
d) System will verify the Folio Number and PAN details or the share certificate number.
e) On successful verification, system will allow you to enter your e-mail address and mobile number.
f) Enter your e-mail address and mobile number.
g) If PAN details are not available, the system will prompt the member to upload a self-attested copy of the PAN card.
h) The system will then confirm the e-mail address for the purpose of servicing the Notice of this AGM along with the Annual Report 2020-21.

Book Closure:

Notice is also hereby given, pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and applicable regulation of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that **the Register of Members & Share Transfer Books of the Company will remain closed from Wednesday, the 22nd September, 2021 to Wednesday, the 29th September, 2021 (both days inclusive)** for the purpose of 21st AGM of the Company for the financial year ended March 31, 2021.

The Notice of the 21st AGM and Annual Report for the Financial Year 2020-21 are available on the Company's corporate website (www.arssgroup.in), NSDL's e-voting website (www.evoting.nsdl.com) and on the websites of NSE (www.nseindia.com) and BSE (www.bseindia.com).

By Order of the Board
For ARSS Infrastructure Projects Ltd.
Sd/-
(Prakash Chhajer)
(Company Secretary & Compliance Officer)
(FCS - 8473)

Place : Bhubaneswar
Date : 07.09.2021

खबरों में रहे स्टॉक

एलआईसी हाउसिंग फाइनैंस

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक संग साझेदारी

₹ 404.8 पिछला बंद भाव
₹ 424.2 आज का बंद भाव
▲ 4.8 %

टाटा कम्युनिकेशंस



आसियान में आईपी ट्रांजिट सेवाओं के लिए टेलीकॉम मलेशिया संग साझेदारी

₹ 1,365.5 पिछला बंद भाव
₹ 1,375.7 आज का बंद भाव
▲ 0.7 %

पैनेसिया बायोटेक

स्पूतनिक वी टीके की दूसरी खुराक का पहला बैच तैयार

₹ 294.6 पिछला बंद भाव
₹ 320.1 आज का बंद भाव
▲ 8.6 %

एबीबी इंडिया

सुरक्षा बढ़ाने और ऊर्जा कुशलता के लिए भारत बायोटेक संग करार

₹ 1,851.1 पिछला बंद भाव
₹ 1,864.5 आज का बंद भाव
▲ 0.7 %

वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स



ईटीजीएल अफ्रीका के साथ वितरक करार

₹ 2,644.3 पिछला बंद भाव
₹ 2,782.6 आज का बंद भाव
▲ 5.2 %

संक्षेप में

टीवीएस मोटर का दक्षिण अफ्रीका में वितरण करार

देश की तीसरी बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने दक्षिण अफ्रीका में वितरण के लिए ईटीजी लॉजिस्टिक्स के साथ साझेदारी की है। कंपनी के अध्यक्ष (अंतरराष्ट्रीय कारोबार) आर दिलीप ने इस साझेदारी की घोषणा करते हुए कहा कि इससे दक्षिण अफ्रीका के बाजार में टीवीएस के विस्तार में मदद मिलेगी। *बीएस*

एम्बैसी रीट ने डिबेंचर के जरिये जुटाई रकम

एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट ने निजी नियोजन आधार पर गैर-परिवर्तनीय बॉन्ड जारी कर 300 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने कहा कि एम्बैसी ऑफिस पार्क्स मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. के निदेशक मंडल की डिबेंचर समिति ने 300 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर निजी नियोजन आधार पर आबंटन को मंजूरी दी है। *भाषा*

डिश टीवी का शेयर चढ़ा

लेनदारों द्वारा प्रबंधन में बदलाव की पहल से कंपनी के शेयर को बल

देव चटर्जी
मुंबई, 7 सितंबर

- डिश टीवी का शेयर आज 15.54 रुपये पर बंद हुआ और इस प्रकार कंपनी का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2,861 करोड़ रुपये हो गया
- बैंक ने कहा बोर्ड कंपनी प्रशासन के मानकों के अनुरूप काम नहीं कर रहा है

डिश टीवी के शेयर में आज 13 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। कंपनी के एक लेनदार येस बैंक की ओर से प्रबंधन में बदलाव के लिए भेजे गए नोटिस की खबर से इस शेयर को बल मिला। येस बैंक ने कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों सहित शीर्ष प्रबंधन को हटाने के लिए नोटिस भेजा है।

डिश टीवी का शेयर आज 15.54 रुपये पर बंद हुआ और इस प्रकार कंपनी का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2,861 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि घाटे में चल रही इस डीटीएच कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी रखने वाले भारतीय लेनदार कंपनी के प्रबंधन में बदलाव करने की योजना बना रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि लेनदारों को अपने बकाये रकम की वसूली होने की संभावनाएं कम दिख रही हैं क्योंकि हाल के वर्षों में कंपनी की वित्तीय हालत कहीं अधिक खराब हुई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021 में 3,249 करोड़ रुपये के राजस्व पर 1,178 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया। हालांकि कंपनी के ऋण बोझ में कमी आई है क्योंकि कई बैंकों ने बकाये के भुगतान में चूक को देखते हुए डेट को इक्विटी में बदलने का निर्णय लिया था। सोमवार को डिश टीवी ने स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी दी थी कि येस बैंक ने कंपनी प्रशासन संबंधी चिंता जताते हुए उसके स्वतंत्र निदेशकों सहित शीर्ष प्रबंधन को बदलने का निर्णय लिया है। डिश टीवी एस्सेल ग्रुप के संस्थापक सुभाष चंद्रा के भाई जवाहर लाल गोयल के नेतृत्व वाली कंपनी है। एस्सेल ग्रुप भी ऋण पुनर्गठन की प्रक्रिया से गुजर रहा है जहां 91 फीसदी लेनदारों ने नुकसान उठाते हुए ऋण को निपटाने का निर्णय लिया था। भारी डूबते ऋण से जूझ रहे भारतीय लेनदार ऋण समाधान के लिए कई कंपनियों को एनसीएलटी ले जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के एक हालिया फैसले के बाद बैंक प्रवर्तकों की व्यक्तिगत गारंटी को भी भुना रहे हैं। दिवालिया प्रक्रिया के तहत लेनदारों का औसत नुकसान 60 फीसदी की ऊंचाई तक पहुंच गया है।

डिश टीवी ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की। येस बैंक ने अपने पत्र में कहा कि वह कंपनी के एकमात्र सबसे बड़े शेयरधारक येस बैंक के शेयरधारिता पैटर्न को कमजोर करने और हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के राइट्स इश्यू को मंजूरी देने वाले मौजूदा निदेशक मंडल को हटाना चाहता है।

बैंक ने कहा बोर्ड कंपनी प्रशासन के मानकों के अनुरूप काम नहीं कर रहा है। वह कंपनी में मौजूदा शेयरधारकों एवं विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं कर रहा है जिनकी 45 फीसदी हिस्सेदारी है।

येस बैंक ने कहा है कि नामित निदेशकों की नियुक्ति के जरिये बोर्ड को पुनर्गठित करने के लिए बार-बार आग्रह किए जाने के बावजूद कोई पहल नहीं की।

वोडा-आइडिया को सरकार से मदद की आस

अनीश फडणीस और दीपक कोरगांवकर
मुंबई, 7 सितंबर

संकट के दौर से गुजर रही दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने उम्मीद जताई है कि निवेश पर वाजिब रिटर्न मिलने और दूरसंचार क्षेत्र के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में सरकार समर्थन के लिए आगे आएगी।

पिछले महीने वीआई के चेयरमैन बनने वाले हिमांशु कपानिया ने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहा है कि दूरसंचार उद्योग पर भारी वित्तीय दबाव होने से कंपनी को उम्मीद है कि सरकार सभी संरचनात्मक मुद्दों के समाधान के लिए जरूरी सहयोग देगी। कपानिया ने कहा, 'देश में मोबाइल सेवा देने का 25 वर्षों का इतिहास रखने वाली आपकी कंपनी आशान्वित है कि सरकार इसके भारी निवेश पर वाजिब रिटर्न मिलने की कोशिशों का समर्थन करेगी।'

उन्होंने वार्षिक रिपोर्ट के एक हिस्से के तौर पर शामिल इस पत्र में कहा है कि पूरे साल परिचालन संबंधी हालात चुनौतीपूर्ण बने रहे हैं। बेहद कम शुल्क दरों और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के बीच कोविड-19 महामारी ने भी चुनौतियां बढ़ा दीं। कपानिया ने कहा कि वोडाफोन आइडिया दूरसंचार क्षेत्र की मांग पर सरकारी निर्णय का इंतजार करने के साथ ही नेटवर्क में सुधार का काम भी जारी रखेगी।

वोडाफोन आइडिया का परिचालन प्रदर्शन दूरसंचार कंपनियों के बीच तगड़ी प्रतिस्पर्धा, कम शुल्क दरों एवं करीब 1.9 लाख करोड़ रुपये के भारी कर्ज की वजह से प्रभावित रहा है। ऐसी स्थिति में कंपनी ने स्पेक्ट्रम बकाया शुल्क पर एक साल की छूट देने की मांग की है और दूरसंचार सेवा का एक निम्नतम मूल्य तय करने के बारे में फैसले का इंतजार कर रही है।

कंपनी के बोर्ड ने पिछले साल अपने कर्ज देनदारियों को पूरा करने के लिए 25,000 करोड़ रुपये का रकम जुटाने की घोषणा की थी। इस योजना को 2021 की शुरुआत में ही पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। संभावित निवेशकों ने दूरसंचार सेवाओं के शुल्क बढ़ाए बगैर रकम लगाने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई।

शेयर 6 दिन में 35 फीसदी चढ़ा

वोडाफोन आइडिया के शेयर के भाव मंगलवार को बीएसई में कारोबार के दौरान 14.48 फीसदी चढ़कर 8.30 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस तरह 31 अगस्त से अब तक के छह कारोबारी दिवसों में इस दूरसंचार कंपनी के शेयरों में 35 फीसदी से अधिक तेजी देखी गई है।

वोडाफोन आइडिया के शेयर में आई तेजी के पीछे दूरसंचार क्षेत्र को सरकारी समर्थन मिलने की उम्मीद को एक कारण बताया जा रहा है। अन्य दूरसंचार कंपनियों भारती एयरटेल और रिलायंस जियो में भी मंगलवार को तेजी का रुख देखने को मिला।

ऐसी संभावना जताई जा रही है कि केंद्र सरकार दूरसंचार कंपनियों को अपनी परिसंपत्तियां अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को बेचने के लिए प्रोत्साहन दे सकती है। इसके लिए इनविट एवं रीट साधनों का सहारा लिया जा सकता है। वोडाफोन आइडिया का शेयर 8 अगस्त 2021 को 4.55 रुपये पर जो 52 हफ्तों का निम्नतम स्तर था।

पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड
CIN: L24232MP1989PLC005390
पंजीकृत कार्यालय : बी-6 और बी-7 सेक्टर-सी, औद्योगिक क्षेत्र, सांवेर रोड, इंदौर, (म.प्र.)-452015
फोन सं. : 0731-2721709, फैक्स : 91-22063929, वेबसाइट : www.panchsheelorganics.com

32वीं वार्षिक आम बैठक और पुस्तक बंद करने की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया गया है कि पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (''कंपनी'') के सदस्यों की 32वीं वार्षिक आम बैठक गुरुवार 30 सितम्बर, 2021 को दोपहर 12:00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से (''वीसी''/अन्य ऑडियो विजुअल साधन (''ओएवीएम'') सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, के अनुपालन में 2020 और 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 और अन्य लागू परिपत्र, यदि कोई हो, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (''एमसीए परिपत्र''), कंपनी अधिनियम के लागू प्रावधानों, 2013 और इसके तहत बनाए गए नियम (''अधिनियम'') और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र (''सेबी परिपत्र'') (सामूहिक रूप से ''प्रासंगिक परिपत्र'' के रूप में संदर्भित) और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (''सूचीकरण विनियमों''), एजीएम (''सूचना'') को बुलाने वाले सूचना में निर्धारित व्यवसाय के लेनदेन के लिए को आयोजित होनी है।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में एजीएम और वित्तीय विवरणों की सूचना, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों (वार्षिक रिपोर्ट 2020-21) को इलेक्ट्रॉनिक मोड में कंपनी के सदस्यों को 7, सितम्बर, 2021 को भेजा गया है जिनका ई-मेल पता कंपनी/निक्षेपागार(ओं) के साथ पंजीकृत है। वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट www.panchsheelorganics.com बीएसई लिमिटेड (बीएसई) में www.bseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

एजीएम के दौरान दूरस्थ ई-मतदान प्रणाली और ई-मतदान की सुविधा:

संशोधित के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमों, 2014 और सूचीकरण विनियमों और संबंधित परिपत्रों के नियमन 44 के नियमन के नियमन के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी ने अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा एजीएम में विचार किए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान के अ पने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की है। नोटिस में ई-वोटिंग की प्रक्रिया बताई गई है। एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम केसाथ-साथ ई-वोटिंग का इस्तेमाल करते हुए किसी सदस्य द्वारा वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सर्विस प्रोवाइडर द्वारा प्रदान की जाएगी।

अधिनियम के प्रावधानों, सदस्यों की जानकारी के लिए नियमों और विनियमों के अनुसार विवरण यहां दिए गए हैं:

1) रिमोट ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, सितम्बर, 27, 2021 को 9.00 बजे शुरू होती है, बुधवार, 29 सितम्बर, 2021 को 5.00 बजे समाप्त होती है। इस अवधि के दौरान, कंपनी के सदस्य, या तो भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने, जैसे कि कट-ऑफ डेट यानी 23 सितम्बर, 2021 को, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से मतदान की अनुमति 29 सितम्बर, 2021 को अपर्ाह्न 5.00 बजे (आईएसटी) और ई-वोटिंग प्रणाली को एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग के लिए अक्षम किया जाएगा।
2) कंपनी के सदस्य या तो भौतिक रूप में शेयर रखने या जिसका नाम सदस्यों के र जिस्टर में दर्ज किया जाता है या 23 सितम्बर, 2021 को निक्षेपागारों द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के र जिस्टर में दर्ज है केवल वही इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने या एजीएम में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।
3) एक व्यक्ति जो सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ दिनांक के अनुसार शेयर धारण करता है, सूचना में दिए गए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया का पालन कर सकता है।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से डालने से पहले सूचना में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

श्री गौरांग शाह, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, जीएमएस एंड एसोसिएट्स के मालिक, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान और रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की छानबीन करने के लिए छानबीनकर्ता नियुक्त किया गया है।

बोर्ड द्वारा अनुशंसित लाभांश, यदि एजीएम में अनुमोदित किया जाता है, तो स्रोत पर कर की कटौती के अधीन भुगतान किया जाएगा, जैसा कि लागू हो सकता है, 4 अक्टूबर, 2021 से 11 अक्टूबर, 2021 के बीच, उन सदस्यों को:

क) जिनके नाम इलेक्ट्रॉनिक रूप में आयोजित इक्विटी शेयरों के संबंध में नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले लाभकारी मालिकों की सूची में 23 सितम्बर, 2021 को लाभकारी मालिकों के रूप में दिखाई देते हैं, और
ख) जिनके नाम इक्विटी शेयरों की ट्रांसमिशन/पक्षांतरण के लिए प्राप्त वैध अनुरोध(ओं) को प्रभाव देने के बाद भौतिक रूप में धारित इक्विटी शेयरों के संबंध में 23 सितम्बर, 2021 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में दिखाई देते हैं।

अधिनियम की धारा 91 और सूचीकरण विनियमों के तहत सूचित किया जाता है कि सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर पुस्तकें 24 सितम्बर, 2021 से 30 सितम्बर, 2021 (दोनों दिन समावेशी) से बंद रहेगी।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यु) और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का संदर्भ लें सकते हैं या टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं: 1800-1020-990 या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल को ई-मेल: **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं।

पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड
हस्ता./- निधि अग्रवाल मुंबई,
कंपनी सचिव
मुंबई, 8 सितम्बर, 2021

स्विगी ने गुड़गांव में स्थापित किया केंद्र

स्विगी तेजी से अपनी तकनीकी टीम का विस्तार कर रही है क्योंकि फूड डिलिवरी कंपनी को पिछले कुछ महीनों के दौरान कारोबार में जबरदस्त सुधार और उल्लेखनीय वृद्धि दिख रही है। कंपनी पिछली दो तिमाहियों के दौरान इंजीनियरिंग, उत्पाद, डिजाइन, एनालिटिक्स और डेटा साइंस जैसी विभिन्न श्रेणियों में नियुक्तियां की है। अपनी टीम तैयार करने के बाद कंपनी अब गुड़गांव में एक विकास केंद्र स्थापित कर रही है। इसी साल जुलाई में भारतीय स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होने वाली उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनी जोमैटो का मुख्यालय भी गुड़गांव में है। कंपनी की मौजूदा विकास टीम बेंगलूरु और हैदराबाद में हैं। अब उसने अपने अगले विकास केंद्र के लिए गुड़गांव को चुना है जो इंजीनियर समुदाय का एक प्रमुख केंद्र है। कंपनी का गुड़गांव केंद्र उन प्लेटफॉर्मों और ऐप्लिकेशन के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा जो स्विगी के देश के 500 से अधिक शहरों में मौजूद 1,50,000 से अधिक साझेदारों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। *बीएस*

बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
एसबीयू: ग्रीसेस एंड लुब्रिकेंट्स
पंजीकृत कार्यालय: 21, एन एस रोड, कोलकाता-700 001
पी-43 हाइड रोड एक्सटेंशन, कोलकाता-700 088
सीआईएन: L15492WB1924GOI004835
वेबसाइट: www.balmerlawrie.com

कोलकाता स्थित हमारे संयंत्र के टैंकर में नैफ्थेनिक बेस ऑयल (समूह) की आपूर्ति

सार्वजनिक निविदा सं. - जीएलके/टीई21/125 दिनांक 07.09.2021; नियत तिथि: 17.09.2021 (भा.मा.स: अपराह्न 4 बजे)। बामर लॉरी एण्ड कं. लिमिटेड कोलकाता स्थित हमारे संयंत्र के टैंकर में नैफ्थेनिक बेस ऑयल की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन बोली आमंत्रित करती है। ई-बोली की प्रस्तुति के साथ-साथ विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी हेतु कृपया हमारी ई.प्रोक साईट : https://balmerlawrie.eproc.in देखें । सभी/कोई शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, उपरोक्त निविदा के समय विस्तार को केवल बामर लॉरी के वेबसाइटों (www.balmerlawrie.com, https://balmerlawrie.eproc.in) में होस्ट किया जाएगा। बोलीदाता स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइटों को देखें। किसी भी जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें : श्री एस घोष, सहायक प्रबंधक (सीपी), दूरभाष : 00 91 33 24500129, ई-मेल : ghosh.subimal@balmerlawrie.com

ओला का जीएमवी कोविड पूर्व के स्तर पर पहुंचा

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 7 सितंबर

- वित्त वर्ष 2020-21 में पहली बार 1 करोड़ लोगों ने ओला कैब का इस्तेमाल किया था

कैब एग्रीगेटर ओला के मुख्य कार्याधिकारी भवीश अग्रवाल ने कहा है कि कंपनी का सकल वाणिज्य मूल्य (जीएमवी) गत 31 अगस्त को समाप्त सप्ताह में कोविड महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच गया। अग्रवाल ने कहा कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से हुई रिकवरी पिछले साल आई पहली लहर की तुलना में तिगुना तीव्र रही है। अग्रवाल ने अपने ट्वीट में कहा, 'भारत फिर से आने-जाने लगा है। ओला कैब का जीएमवी पिछले हफ्ते कोविड से पहले के स्तर पर पहुंच गया।'

ओला के संस्थापक अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 में पहली बार 1 करोड़ लोगों ने ओला कैब का इस्तेमाल किया था। महामारी के दौरान संक्रमण से सुरक्षा के लिए लोग आवागमन के लिए सार्वजनिक साधनों के बजाय निजी या साझा वाहनों का इस्तेमाल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि तमाम लोग वाहन सेवाओं का इस्तेमाल करना पसंद कर रहे हैं जिससे ओला का ऑटो कारोबार कोविड-पूर्व के करीब 150 फीसदी स्तर पर जा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ओला अपनी सवारियों के लिए सफर को सुरक्षित रखने पर खास ध्यान दे रही है। इसके लिए ओला प्लेटफॉर्म से जुड़े 3 लाख से ज्यादा ड्राइवरों को कोविड टीके लगवाए गए हैं और जल्द ही सभी ड्राइवरों को टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओला नए ड्राइवरों को अपने साथ जोड़ने, नए शहरों में सेवाएं देने और नए उत्पादों के निर्माण में लगी हुई है ताकि महामारी के बाद की आवागमन जरूरतों को पूरा किया जा सके।

मांग सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय संपत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 (1) के अधीन। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियम के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के अधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचनाएं जारी की है, जिसमें कर्जदारों को उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचनाओं में उल्लिखित रकम चुकता करने को कहा गया है। ऊपरोक्त के संबंध में, कर्जदारों को एतद्द्वारा इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के अंदर यहां नीचे उल्लिखित रकम के साथ मांग सूचना की तारीख से भुगतान की तारीख तक उस पर ब्याज का भुगतान करने की पुनः सूचना दी जाती है। कर्जदारों का विवरण, मांग सूचना की तारीख को बकाया रकम तथा ऋण रकम चुकता करने के लिए प्रस्तावित जमानत रकम निम्नलिखित हैः-

कर्जदारों/गारंटीदाताओं का नाम	मांग सूचना की तारीख एवं रकम	प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति)
श्रीमती भावना दूबे, चंद्रकांता गैस एजेंसी श्री संजय दूबे, (प्रॉस्पेक्ट सं. 723850, 801332, 939912)	03-सितम्बर-2021 प्रॉस्पेक्ट सं. 723850 रु. 22,17,787/- (रुपये बाईस लाख सतरह हजार सात सौ सत्तासी मात्र) प्रॉस्पेक्ट सं. 801332 रु. 16,35,908/- (सोलह लाख पैंतीस हजार नौ सौ आठ मात्र) प्रॉस्पेक्ट सं. 939912 रु. 9,58,092/- (नौ लाख अनठावन हजार बानवे मात्र)	सम्पत्तिः सर्वे नं. 21/1/1, पी.एच.एन. 19, हुजूर कलां, भोपाल, 5445 वर्ग फीट परिमाप के एक प्लॉट का सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा

उक्त कर्जदारगण ऊपरोक्त उल्लेखानुसार आईआईएफएल एचएफएल को रकम भुगतान करने में अगर विफल रहते हैं, तो आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के अंतर्गत ऊपरोक्त प्रत्याभूत सम्पत्तियों के खिलाफ कार्रवाई प्रारम्भ कर सकती है, जो सम्पूर्ण रूप से कर्जदारों के जोखिम, लागत तथा निष्कर्ष पर आधारित होगा। और अधिक विवरण के लिए कृपया अधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालयः डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर-474002/अथवा कॉरपोरेट कार्यालयः आईआईएफएल टावर, प्लॉट सं. 98, उद्योग विहार, चरण-IV, गुरुग्राम, हरियाणा।
स्थान : भोपाल दिनांकः 08-09-2021
हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल)

एडलवाइस एआरसी में हिस्सेदार बनी सीडीपीक्यू

एडलवाइस ने कहा है कि कनाडा के पेंशन फंड सीडीपीक्यू की इकाई सीडीपीक्यू प्राइवेट इक्विटी एशिया ने एडलवाइस ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (ईएआरसी) में 20 फीसदी शेयर हिस्सेदारी लेकर उसका एक प्रायोजक बन गया है।

कंपनी ने कहा कि इसके तहत सीडीपीक्यू के पास मौजूद 3.32 करोड़ अनिवार्य परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) को कंपनी के 10 रुपये अंकित मूल्य के 5.26 करोड़ इक्विटी शेयरों में परिवर्तित किया गया है। ऐसा आरबीआई की मंजूरी मिलने के बाद किया गया। कंपनी के 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर का मूल्य 97.25 रुपये निर्धारित किया गया।

एडलवाइस एआरसी के एमडी एवं सीईओ आरके बंसल ने कहा, 'सीडीपीक्यू एडलवाइस एआरसी में एक दीर्घकालिक साझेदार रहा है और हमें खुशी हो रही है कि वह अब एक प्रायोजक होंगे और अपनी दीर्घावधि प्रतिबद्धता को बढ़ाएंगे।' *बीएस*

ई-नीलामी बिक्री सूचना

(आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32 एवं 33 के तहत)

स्ट्राइड ऑटोपार्ट्स लिमिटेड (परिसमापनाधीन) (एसएएल)
सीआईएन : U34300DL2010PLC210810

एसएएल के परिसमापक एतद्वारा यहां सूचीबद्ध एसएएल की परिसंपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पात्र बोलीदाताओं को यहां सूचीबद्ध अनुसूची तथा बोली दस्तावेज में सूचीबद्ध शर्तों और प्रक्रिया के अनुसार ''जैसा है जहां है, जो कुछ भी है और आश्रय रहित'' के आधार पर आमंत्रित करते हैं जिसे https://ncltauction.auctiontiger.net से डाउनलोड किया जा सकता है

आस्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु. करोड़)	ईएमडी (10%) (रु. करोड़)	संविदा वृद्धि (रु. लाख)
लीज़होल्ड औद्योगिक सम्पत्ति (अचल) औद्योगिक क्षेत्र केहरानी (भिवाड़ी एक्सटेंशन), जिला-अलवर राजस्थान में औद्योगिक संपत्ति प्लॉट नंबर एसपी-255। 59693.25 वर्ग मीटर का प्लॉट क्षेत्रफल औद्योगिक संपत्ति का कुल निर्मित क्षेत्र 2,58,625 वर्ग फुट और निर्मित क्षेत्र में दो कार्यशील शेड, दो कूलिंग एरिया बिल्डिंग, 2 गार्ड रूम, बेसमेंट, कैंटीन और लैब, स्विच यार्ड पैनल रूम, कंट्रोल रूम, कार्यालय क्षेत्र और अन्य सुविधाएं जैसे वॉश रूम, पानी की टंकियां, खुली टंकी आदि शामिल हैं। **एसएल के प्लांट साइट के सम्पूर्ण संयन्त्र एवं मशीनरी**, प्लॉट नंबर एसपी-255, औद्योगिक क्षेत्र केहरानी (भिवाड़ी एक्सटेंशन), जिला-अलवर राजस्थान में स्थित। मोटर वाहनों और उनके इंजन जैसे ब्रेक, गियर, बॉक्स, एक्सल, रोड व्हील, सस्पेंशन शॉक एब्जॉर्बर, रेडिएटर, साइलेंसर, एग्जॉस्ट पाइप, स्टीयरिंग व्हील, स्टीयरिंग कॉलम, स्टीयरिंग बॉक्स और अन्य पार्ट्स और एक्सेसरीज एन.ई.सी.	54.50 (रुपये चौवन करोड़ पचास लाख मात्र)	5.45 (रुपये पाँच करोड़ पैंतालीस लाख मात्र)	25.00 (रुपये पच्चीस लाख मात्र)

साइट विजिट तथा बैठक की तिथि : 11 सितम्बर, 2021 को 11.00 बजे पूर्वा. से 04.00 बजे अप.
दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि : 14 सितम्बर, 2021 को 5.00 बजे अप. तक
ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि : 20 सितम्बर, 2020 को 5.0 बजे अप. तक
नीलामी की तिथि एवं समय : 23 सितम्बर, 2021 को 2.00 बजे अप. से 5.00 बजे अप.

इच्छुक संविदाकार को ईएमडी राशि या तो एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से या लाभार्थी ''स्ट्राइड ऑटोपार्ट्स लिमिटेड (परिसमापनाधीन)'' के नाम में, बैंक का नाम : पंजाब एण्ड सिंध बैंक, आईएफएससी कोड : **PSIB0000388** , शाखा नेहरू प्लेस, नई दिल्ली के ईएमडी खाता सं. 03881100065273 में जमा करनी अपेक्षित है।

* परिसमापक के साथ गोपनीयता वचनबद्धता पर हस्ताक्षर करने के बाद भूमि और भवन तथा संयंत्र एवं मशीनरी का पूरा विवरण मांगा जा सकता है।

* इच्छुक आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे बोली दस्तावेजों को देखें और ईएमडी जमा करने के प्रमाण के साथ पूर्ण बोली दस्तावेज लिक्विडेटर को हार्ड कॉपी में जमा करें और ई-नीलामी वेबसाइट https://ncltauction.auctiontiaer.net पर अपलोड करें।

पंकज खेतान (परिसमापक)
स्ट्राइड ऑटोपार्ट्स लिमिटेड के मामले में परिसमापक
पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00010/2016-17/10014
पंजीकृत पता : के-37/ए, बेसमेंट, कैलाश कॉलोनी, निकट कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन, दिल्ली-110048
ई-मेल : liquidatorstrideautoparts@gmail.com, ippankajkhaitan@gmail.com
सम्पर्क नं. : 9999883792 तथा 9310201908
तिथि : 08/09/2021
स्थान : नई दिल्ली

वाहनों का पंजीकरण बढ़ा

शैली सेठ मोहिले
मुंबई, 7 सितंबर

वाहनों का पंजीकरण अगस्त में 15 फीसदी बढ़ा

अगस्त महीने में सभी श्रेणियों के वाहनों का पंजीकरण 15 फीसदी बढ़ गया लेकिन अब भी यह अगस्त 2019 में पंजीकृत वाहनों से कम ही है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने कहा कि सभी वाहन श्रेणियों में तेजी लौट रही है लेकिन दोपहिया वाहनों का पंजीकरण चिंता का विषय बना हुआ है।

प्रवेश स्तर के वाहनों में दिख रही कमजोरी की वजह से मोटरसाइकिल एवं स्कूटरों का पंजीकरण अगस्त 2020 की तुलना में पिछले महीने 6.66 फीसदी की धीमी दर से ही बढ़ा है। इसे लोगों की क्रयशक्ति में आई कमजोरी की निशानी के तौर पर देखा जा रहा है।

अगस्त 2019 के आंकड़ों से तुलना करें तो दोपहिया वाहनों के पंजीकरण में आई 22.62 फीसदी की गिरावट कहीं ज्यादा तीव्र है। इसके अलावा जुलाई 2021 के 11,32,611 वाहनों की तुलना में भी अगस्त में 9,76,051 दोपहिया वाहन ही पंजीकृत हुए।

फाडा ने मंगलवार को बताया कि कीमतों में कई बार बढ़ोतरी करने से भी लोग खरीद से दूर रहे। इसके अलावा पेट्रोल के बढ़ते दाम और शिक्षण संस्थानों के बंद रहने से भी लोग नए वाहन खरीदने से परहेज करते दिखे। समाज के कमजोर तबके के लोग अनिश्चितता के मौजूदा दौर में खर्च के बजाय बचत को तरजीह दे रहे हैं। फाडा के मुताबिक, इस प्रवृत्ति से आगे भी दोपहिया वाहनों की मांग कम रह सकती है।

हालांकि शिक्षण संस्थानों के धीरे-धीरे खुलने से दोपहिया वाहनों के लिए उम्मीद की एक किरण नजर आने लगी है।

कुल मोटरसाइकिल बाजार में करीब 70 फीसदी हिस्सेदारी प्रवेश स्तर के वाहनों की ही है।

वैसे फाडा के अध्यक्ष विनकेश गुलाटी का मानना है कि महामारी फैलने के पहले भी प्रवेश स्तर के दोपहिया वाहनों की बिक्री सुस्त ही चल रही थी। मोटरसाइकिलों की करीब 55 फीसदी बिक्री ग्रामीण भारत में होती है लेकिन दूसरी लहर में यह क्षेत्र भी चपेट में आ गया था।

बाजार की अगुआ कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की खुदरा बिक्री एवं बाजार हिस्सेदारी में आई गिरावट इस हालत को बखूबी बयां करती है। अगस्त 2021 में हीरो के वाहनों की बिक्री या पंजीकरण घटकर 3,13,074 पर आ गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आकंड़ा 3,32,559 वाहनों का था। इस दौरान हीरो की बाजार हिस्सेदारी भी 36.34 फीसदी से घटकर 32.08 फीसदी पर आ गई।

इस बीच यात्री वाहनों के विनिर्माता भी तगड़ी मांग के बावजूद आपूर्ति संबंधी मुश्किलों से जूझ रहे हैं। सेमी-कंडक्टर एवं एबीएस चिपों की उपलब्धता कम होने और धातुओं के दाम बढ़ने से उन्हें अपने उत्पादन में कटौती करनी पड़ रही है। फाडा का कहना है कि ऐसी स्थिति में शायद पहली बार ग्राहकों को इस त्योहारी मौसम में अपनी पसंद की गाड़ियां मिलने में दिक्कत होगी। इसके अलावा बार-बार दाम बढ़ने से भी प्रवेश स्तर के खरीदार छिटक रहे हैं।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
भोपाल संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटिड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म.प्र. 462023 से मुद्रित एवं C/o. अशोक कुमार जैन, शॉप नंबर 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल -462001 से प्रकाशित
संपादकः कैलाश नौटियाल

आरएनआई नo WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सब्स्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मैo बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राo लिo का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राo लिo से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं